प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 08.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

- राइजिंग राजस्थान टूरिज्म प्री–समिट का आज जयपुर में आयोजन।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में अंतर राज्यीय नदियों को जोड़ने के कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश।
- देश में टीबी रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से रोगियों और उनके सम्पर्क में आने वाले परिजनों को अधिक पोषण उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र ने कई पहल की घोषणा की।
- भारतीय वायु सेना आज मना रही है अपना 92वें वां स्थापना दिवस।

000

दिसम्बर में आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले आज जयपुर में राइजिंग राजस्थान टूरिज्म प्री–समिट का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। पर्यटन कला और संस्कृति तथा पुरातत्व शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि इस दौरान लगभग 142 एमओयू किये जाएंगे। इससे 58 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्री समिट में प्रदेश के निवेशक पर्यटन से जुड़ी नई संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

उधर, इन्वेस्टमेंट समिट से पहले सिंगापुर गए राज्य सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने सिंगापुर के जनशक्ति मंत्री सह व्यापार और उद्योग मंत्री डॉ. टैन सी लेंग से मुलाकात की। उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने सिंगापुर सरकार से सहयोग की अपील की और सौर ऊर्जा, पर्यटन, औद्योगिक पार्कों की स्थापना जैसे क्षेत्रों में सिंगापुर और राजस्थान के बीच सहयोग करने की संभावनाओं पर विचार किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में अंतर राज्यीय नदियों को जोड़ने के कार्य में तेजी लाने और जन सहभागिता के माध्यम से जल संचय को बढ़ावा देने के निर्देश दिये हैं। कल मुख्यमंत्री कार्यालय में जल संसाधन, इंदिरा गांधी नहर और सिंचित क्षेत्र विकास तथा जल उपयोगिता विभाग से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं और कार्यों पर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेयजल और सिंचाई के लिए जल उपलब्धता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं के कार्य में अनावश्यक देरी करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं, दूरसंचार क्षेत्र की उपलब्धियों के बारे में।

------------

000

जम्मू–कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना आज की जा रही है। पहले डाक मतपत्रों की गिनती हो रही है। निर्वाचन आयोग ने सुचारू मतगणना के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं। जम्मू–कश्मीर में 873 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। यहां 28 मतगणना केन्द्र बनाए गए हैं। जम्मू–कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों के लिए तीन चरणों में पिछले महीने की 18 और 25 तारीख तथा इस महीने की एक तारीख को मतदान हुआ था। हरियाणा में वोटों की गिनती के लिए 22 जिलों में 90 मतगणना केन्द्र बनाए गए हैं। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए पांच अक्टूबर को एक ही चरण में मतदान हुआ था।

000

देश से क्षय रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से नि–क्षय पोषण योजना के तहत, सभी टीबी रोगियों के लिए उपचार के दौरान मासिक पोषण सहायता पांच सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दी गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार ने 18 दशमलव पांच से कम बीएमआई वाले सभी क्षय रोगियों को पूरक पोषण देने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि टीबी रोगियों और उनके संपर्क में आने वाले परिजनों को अधिक पोषण उपलब्ध कराने के लिए कई पहल की घोषणा की गई है। श्री नड्डा ने कहा कि सरकार ने रोगियों के परिवार के सदस्यों को शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि–क्षय मित्र पहल का दायरा बढाने का भी फैसला किया है। नि–क्षय पोषण योजना के अंतर्गत अब 3 हजार रुपये से 6 हजार रुपये तक की पोषण सहायता मिलेगी। इससे प्रतिवर्ष 25 लाख क्षय रोगियों को लाभ होगा और पूरक पोषण योजना से लगभग 12 लाख कम वजन वाले रोगी लाभान्वित होंगे। पूरक पोषण योजना पर अतिरिक्त एक हजार चालीस करोड रुपये खर्च होंगे। इसका साठ प्रतिशत केन्द्र सरकार और चालीस प्रतिशत राज्य सरकारें वहन करेंगी।

000

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर 83 आर.ए.एस. अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। इनमें 10 एडीएम और 41 एसडीएम शामिल हैं। इसके अलावा एक अधिकारी को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है और पांच के तबादले निरस्त किये गये हैं। विभु कौशिक को चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आभा बेनीवाल को कर्मचारी चयन बोर्ड का विशेषाधिकारी बनाया गया है। विभाग ने उम्मेदी लाल मीना, राकेश कुमार शर्मा, लाखन सिंह गुर्जर, मुकेश मीना और पवन कुमार के तबादले निरस्त किये हैं। सरकार ने 45 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों और 155 उपाधीक्षकों का भी तबादला किया है। आठ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के तबादले निरस्त किये गये हैं।

000

भारतीय वायु सेना आज अपना 92वें वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर चेन्नई के तामबरम स्थित वायु सेना केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह पहला अवसर है जब यह भव्य कार्यक्रम चेन्नई में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर फ्लाई पास्ट और परेड का आयोजन होगा। वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नयी दिल्ली में 70वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। ये पुरस्कार वर्ष 2022 के लिये दिये जाएंगे। इस अवसर पर विख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

000

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर अधिनियम 1961 की समीक्षा के लिए आंतरिक समिति गठित की है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस समिति का उद्देश्य अधिनियम को सरल, स्पष्ट और संक्षिप्त बनाना है।

000